कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर

जोधपुर विकास प्राधिकरण

रेलवे अस्पताल के सामने, रातानाडा, जोधपुर–342001

email- jdajodhpur/yahoo.com वेब–साईट jodhpurjda.org Phone No. 0291-2612086/2656357 Fax 0291-2612086

क्रमांकः F37.(3)/नि.आ./जो.स्त.स./का.वि./2023/3518. दिनांकः– 23/01/2023

–: कार्यवाही विवरण :–

नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग के अधिसूचना कमांक प.17(1) नविवि/अभियान/2021 दिनांक 25.11.2021 के द्वारा गठित जोन स्तरीय समिति की 03/2022 वीं बैठक दिनांक 18.01.2023 को उपायुक्त (जोन–02) की अध्यक्षता में उनके कक्ष में सपन्न हुई, बैठक में प्रस्तुत एजेण्डा पर लिये गये निर्णय निम्नानुसार है:–

एजेण्डा संख्या 01. (जोन स्तरीय समिति बैठक दिनांक 18.01.2023)

विषय :– जोन स्तरीय समिति की 02/2022 वीं बैठक दिनांक 06.12.2022 जोन 02 के कार्यवाही विवरण की पुष्टि।

निर्णय :– समिति द्वारा बाद विचार–विमर्श उपरान्त गत बैठक के कार्यवाही विवरण की सर्वसम्मति से पुष्टि की गयी।

एजेण्डा संख्या 02. (जोन स्तरीय समिति बैठक दिनांक 18.01.2023)

विषय :– राजस्व ग्राम कुड़ी भगतासनी के खसरा संख्या 347, 347/1 से 347/6 के भूखण्ड संख्या 5, क्षेत्रफल 722.22 वर्गगज, भूखण्ड संख्या 5–ए, क्षेत्रफल 722.22 वर्गगज, भूखण्ड संख्या 6–ए, क्षेत्रफल 722.22 वर्गगज अर्थात् कुल क्षेत्रफल 2166.66 वर्गगज का संयुक्तीकरण करने बाबत्।

निर्णय :– समिति द्वारा एजेण्डा पर विचार विमर्श एवं पत्रावली का अवलोकन किया गया। समिति द्वारा बाद विचार–विमर्श प्रकरण में भूखण्डों के पुनर्गठन किए जाने तथा आवेदकों से मूल पट्टा विलेख प्राधिकरण के पक्ष में समर्पित करवाये जाने व जोन स्तर से पुनर्गठित भूखण्डों के नवीन आवासीय पट्टा विलेख जारी किए जावें। संयुक्तीकृत भूखण्ड पर मौके पर किये गये निर्माण को हटाये जाने की सुनिश्चितता के उपरान्त ही भवन निर्माण स्वीकृति जारी की जावेगी। इस शर्त का उल्लेख संयुक्तीकरण आदेश में अंकित किया जावे।

तहसीलदार जोधपुर विकास प्राधिकरण	सहायक/अधिशाषी अभियन्ता जोधपुर विकास प्राधिकरण	सहायक नगर नियोजक जोधपुर विकास प्राधिकरण	उपायुक्त (जोन–02) जोधपुर विकास प्राधिकरण

क्रमांकः F37.(3)/नि.आ./जो.स्त.स./का.वि./2023/3525. दिनांकः– 23/01/2023

प्रतिलिपी :– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. निजी सचिव, आयुक्त महोदय, जो.वि.प्रा., जोधपुर
2. निजी सचिव, सचिव महोदय, जो.वि.प्रा., जोधपुर
3. निदेशक (आयोजना) महोदय, जो.वि.प्रा., जोधपुर
4. उपायुक्त जोन–02, जो.वि.प्रा., जोधपुर को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. सहायक/अधिशाषी अभियन्ता जोन–02, जो.वि.प्रा., जोधपुर
6. तहसीलदार जोन–02, जो.वि.प्रा., जोधपुर

सहायक नगर नियोजक
एवं सदस्य सचिव,जोन स्तरीय समिति
जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर